राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–238/2023

सैनिकों के लिए प्रत्येक घर से एक राखी भेजें–राज्यपाल

पटना, 28 अगस्त, 2023 :– 'रक्षाबंधन के अवसर पर देश की सीमा पर तैनात हमारे सैनिकों के लिए हर घर से एक राखी भेजी जानी चाहिए। इससे हममें राष्ट्रभक्ति का भाव मजबूत होगा।'– यह बातें महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने केशव सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल, पटना में आयोजित 'रक्षाबंधन संवाद' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि गोवा के स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सीमा पर तैनात जवानों के लिए प्रत्येक घर से एक राखी भेजी जाती है और इस वर्ष 26 हजार राखियाँ भेजी गई हैं। बिहार के विद्यार्थियों द्वारा भी ऐसा किया जाना चाहिए। दीवाली के अवसर पर भी उन जवानों के लिए प्रत्येक घर में एक दिया जलाया जाना चाहिए।

हम सदियों से रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाते है और इस अवसर पर बहनें अपने भाइयों को राखी बाँधती है। परन्तु अब यह त्योहार भाई–बहन तक ही सीमित नहीं रहा बल्कि अन्य लोगों को भी हम राखी बाँधते है ताकि हममें समाज के प्रत्येक व्यक्ति की रक्षा की जिम्मेदारी का भाव आ सके।

इस अवसर पर राज्यपाल ने केशव सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल, पटना के विद्यार्थियों द्वारा दी गई राखियों को मेजर जनरल श्री विशाल अग्रवाल को सौंपा ताकि वे उन्हें देश की सीमा पर तैनात जवानों को भिजवा सकें। विद्यालय की छात्राओं ने राज्यपाल एवं अन्य महानुभावों को राखी बाँधी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में मेजर जनरल श्री विशाल अग्रवाल के अतिरिक्त केशव सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल, पटना के प्रधानाचार्य श्री देवानंद दूरदर्शी, वरिष्ठ सदस्य डॉ० मोहन सिंह, सचिव डॉ० राजीव कुमार सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....